हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 26 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री


गहराया बिजली संकट, मांग और उत्पादन के बीच 4 हजार 500 मेगावाट का अंतर

2




## खबर संक्षेप

### अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई नवापारा में 2 चैन माउंटेन जब्त

**जांजगीर-चांपा।** जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में खनिज विभाग की राज्य स्तरीय टीम एवं राजस्व विभाग,खनिज विभाग की जिला स्तरीय टीम ने संयुक्त रूप से ग्राम नवापारा में छापेमारी की। गत रात्रि लगभग 11 बजे की गई इस औचक कार्रवाई में अवैध उत्खनन में संलिप्त दो चैन माउंटेन मशीनों को जब्त किया गया। एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान ने बताया संयुक्त टीम द्वारा हसदेव नदी घाट का निरीक्षण किया जा रहा था, इसी दौरान अवैध रूप से रेत उत्खनन कर डंप किए जाने का मामला सामने आया। टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही उत्खनन में लगे लोगों ने दोनों मशीनों को पास के एक स्थानीय ग्रामीण की बाड़ी में छुपा दिया।निरीक्षण टीम ने मौके पर ही छापामार कार्रवाई कर दोनों मशीनों को जब्त कर लिया। जब्त की गई रेत को खनिज विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। कलेक्टर महोबे ने कहा कि जिले में अवैध रेत उत्खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा का आयोजन आज से

**जांजगीर-चांपा।** नगर के राधाकृष्ण महिला कीर्तन भवन में 26, 27 एवं 28 अप्रैल को तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भगवान श्री कृष्ण एवं उनके अनन्य भक्त नरसी के कथा का मार्मिक एवं भावपूर्ण चित्रण नगर की श्रीमती सुमन मनक्सिया के द्वारा किया जाएगा।

## एएसपी के नेतृत्व में बनी स्पेशल टीम कर रही जांच

# गोलीकांड के बाद करही में रेत खुदाई बंद, गांव पुलिस छावनी में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

करही में हुए गोलीकांड के बाद गांव में विशेष पुलिस कैम्प लगा दिया गया है। इधर रेत माफिया भूमिगत हो गए हैं और रेत की खुदाई भी बंद हो गई है। पुलिस सभी पहलू से मामले की जांच कर रही है। कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

गौरतलब है कि बिर्रा थाना क्षेत्र के करही गांव में 3 नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर दो सगे भाइयों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस हमले में बड़े भाई आयुष कश्यप की मौत हो गई, जबकि छोटा भाई आशुतोष कश्यप गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। वारदात के बाद शुक्रवार को मौके पर प्रभारी एसपी निवेदिता पाल, एडिशनल एसपी उमेश कश्यप, साइबर और फॉरेंसिक टीम पहुंची थी। पुलिस द्वारा घर और आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों की मदद जांच की जा रही है। इसके साथ ही कॉल डिटेल खंगालकर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने करही में विशेष कैम्प लगाया है। गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। इधर गोलीकांड के बाद करही में रेत की खुदाई पूरी तरह से बंद हो गई है। करही में महानदी पर पहले हर ओर ट्रेक्टर, हाइवा, जेसीबी जैसे मशीन दिखते थे, लेकिन दो दिनों से यहां सन्नाटा पसरा है। रेत माफिया भूमिगत हो गए हैं। मृतक आयुष कश्यप के परिजनों का कहना है कि रेत के काम के चलते व्यसायिक रंजिश पर घटना को अंजाम दिया गया है। जिस तरह से सुनियोजित ढंग से वारदात को अंजाम दिया गया है, उससे साफ है कि हमलावर पहले से पूरी तैयारी से आए थे। कुछ संदेहियो को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।



घटना के बाद  करही के रेत घाट में पसरा सन्नाटा।

### संवेदनशील गांव बना करही

रेत के अवैध कारोबार के कारण करही संवेदनशील गांव बन गया है। आए दिन यहां रेत को लेकर विवाद होते रहते हैं। पूर्व में भी करही में रेत की अवैध खुदाई के इस कारोबार को लेकर बड़ी वारदात सामने आ चुकी है। सालभर के भीतर ही उप सरपंच की हत्या और शराब में जहर देकर की गई हत्या जैसी घटना हो चुकी है। स्थिति को देखते हुए गोलीकांड के बाद गांव में विशेष पुलिस कैम्प स्थापित कर दिया गया है, जिसमें 8 बल की तैनाती की गई है। पुलिस कैम्प के माध्यम से क्षेत्र में निरंतर सघन पेट्रोलिंग की जाएगी। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने के साथ ही आने-जाने वाले मार्गों पर सतत निगरानी रखी जाएगी। गांव में पुलिस कैम्प होने से किसी भी अप्रिय स्थिति में पुलिस समय पर मौके पर पहुंच सकेगी।

### लम्बे समय से फल फूल रहा अवैध कारोबार

करही में रेत का अवैध कारोबार लम्बे समय से फल फूल रहा था। यहां रेत घाट तो नहीं है, लेकिन महानदी से रेत की अवैध खुदाई लगातार जारी है। ग्राम पंचायत करही राजस्व जिला सक्ति में आता है, लेकिन थाना क्षेत्र जांजगीर चाम्पा जिले का बिर्रा पड़ता है। इस लिहाज से प्रशासनिक व्यवस्था सक्ति की तो पुलिस की व्यवस्था जांजगीर चाम्पा जिले की है। यही वजह है कि यह स्थान रेत माफियाओ के लिए सुरक्षित ठिकाना बन गया। बताया जा रहा है कि करही से सराईपाली बसना, महासमुन्द, रायगढ़, कोरबा, चाम्पा चारों दिशा में रेत की सप्लाई होती है।

### स्पेशल टीम जांच में जुटी

मामले की जांच के लिए एडिशनल एस पी उमेश कश्यप के नेतृत्व में स्पेशल टीम बनाई गई है। गांव में पुलिस कैम्प लगाया गया है। तकनिकी साक्ष्य के साथ ही संदेहियो को पकड़ कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी है।

**-निवेदिता पाल,**
एसपी, जांजगीर चाम्पा

# टेंट हाउस गोदाम में भीषण आग 25 लाख का सामान जलकर खाक

## चांपा शहर के वार्ड क्रमांक 4 की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

शहर के वार्ड क्रमांक 4 स्थित बड़े मठ मंदिर के पीछे एक पाठक टेंट हाउस के गोदाम में शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी भयावह थीं कि दूर-दूर तक दिखाई दीं, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। चांपा थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

पाठक टेंट हाउस के संचालक योगेश पाठक ने आरोप लगाया कि आग असामाजिक तत्वों द्वारा फटाखे फोड़ने से लगी है। उनका कहना है कि इस आगजनी में गोदाम में रखा करीब 25 लाख रुपये का सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। इसमें नए परदे, डिनर सेट, प्लेट, महंगे सोफा, डिजाइनर कॉस्मेटिक आइटम, लाइटें और कुर्सियां सहित टेंट हाउस से जुड़ा अन्य साजो-सामान शामिल है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। आग लगते ही स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश शुरू की, लेकिन आग तेजी से फैलती गई। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और दमकल को मौके पर बुलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग की तीव्रता को देखते हुए दमकल को दोबारा बुलाना पड़ा। इस दौरान चांपा तहसीलदार प्रशांत पटेल मौके पर मौजूद रहे और राहत कार्यों का जायजा लिया। चांपा थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। घटना के समय वार्ड पार्षद टीकम कंसारी, स्थानीय निवासी तथा प्लांट से आए दमकल कर्मियों का सहयोग सराहनीय रहा। नगर में दमकल नहीं होना बना चर्चा का विषय - पूर्व में चांपा नगर पालिका में एक दमकल हमेशा तैनात रहती थी। कई वर्षों से उसे जिला सेनानी द्वारा जांजगीर कंट्रोल रूम मंगा लिया गया है। इस घटना के बाद शहर में एक बड़ा सवाल फिर से खड़ा हो गया है कि चांपा नगर पालिका क्षेत्र में एक भी दमकल वाहन उपलब्ध नहीं है। नागरिकों का कहना है कि हर आगजनी की घटना में बाहर से दमकल बुलानी पड़ती है, जिससे समय पर मदद नहीं मिल पाती और नुकसान बढ़ जाता है। बीती रात की घटना को लेकर नगरवासियों में रोष और निराशा है। लोग इसे नगर के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए पालिका की व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच में जुटी है। वहीं, नागरिकों ने भविष्य में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए चांपा में स्थायी दमकल व्यवस्था की मांग तेज कर दी है।



टेंट हाउस के गोदाम में लगी आग।




## खबर संक्षेप

### अब आंगनबाड़ी सुबह 7 से 11 बजे तक होंगे संचालित

**कोरबा।** भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रभाव को गंभीरता से लेते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग ने बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए त्वरित और संवेदनशील निर्णय लिया है। ग्रीष्मकाल के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव करते हुए इसे 6 घंटे से घटाकर 4 घंटे कर दिया गया है। 1 अप्रैल से 30 जून तक आंगनबाड़ी केंद्र प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होंगे। विशेष रूप से 23 अप्रैल से 30 जून तक बच्चों की उपस्थिति का समय केवल सुबह 7 बजे से 9 बजे तक निर्धारित किया गया है, ताकि वे भीषण गर्मी और लू के प्रभाव से सुरक्षित रह सकें। इस निर्धारित अवधि में बच्चों को पूर्व तय समय-सारिणी के अनुसार प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शिक्षा के साथ-साथ पूरक पोषण आहार का नियमित वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की शिक्षा और पोषण सेवाओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं अपने निर्धारित जॉब चार्ट के अनुसार शेष कार्यों का निष्पादन करेंगी।

### जिले के 37 क्षेत्रों में लगेंगे जनसमस्या निवारण शिविर

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण हेतु सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत व्यापक स्तर पर जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनता को समयबद्ध सेवाएं प्रदान करने और योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा कुल 37 शिविरों का विस्तृत कैलेंडर जारी किया गया है। संबंधित विभागों के अधिकारियों को क्लस्टर प्रभारी बनाते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन शिविरों की शुरुआत जनपद पंचायत पोडीउपरोड़ा में 4 मई को लेमरू में होगी। इसके तहत 7 मई को सारिसमार, 11 मई को चोटिया, 15 मई को सिरमिना, 18 मई को तुमान, 21 मई को जल्के, 26 मई को जटगा, 29 मई को तानाखार, 3 जून को मोरगा तथा 4 जून को गुरसिया में शिविर आयोजित किए जाएंगे। जनपद पंचायत पाली के अंतर्गत 04 मई को ईरफ, 08 मई को मागामार, 11 मई को चोढ़ा, 15 मई को नोनबिर्रा, 18 मई को नगोई, 22 मई को धौराभांठा, 26 मई को निरधी, 29 मई को चेपा तथा 4 जून को रेंकी में शिविर लगाए जाएंगे। जनपद पंचायत कोरबा में 7 मई को ढोंगदरहा, 11 मई को चुईया, 14 मई को केराकछार, 21 मई को पहंदा, 1 जून को देवपहरी, 3 जून को बरपाली और 5 जून को चिर्रा में शिविरों का आयोजन होगा। जनपद पंचायत करतला में 7 मई को कोटमेर, 13 मई को गिधौरी, 20 मई को देवलापाठ, 28 मई को नवापारा (चै), 1 जून को कनकी और 4 जून को फरसवानी में जनसमस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

### विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगी नशामुक्ति रैलियां

**कोरबा।** राज्य शासन के सुशासन के संकल्प और जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता के तहत कोरबा जिले में अवैध शराब के विक्रय, संग्रहण और परिवहन पर अंकुश लगाने तथा जनमानस को जागरूक करने हेतु एक विशेष नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले की चिन्हित ग्राम पंचायतों में भव्य रैलियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया जा सके। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर रैलियों का आयोजन निर्धारित तिथियों पर सायं 4 बजे से किया जाएगा। रैलियों के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, भारत माता वाहिनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों और ग्राम पंचायतों के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ समन्वय स्थापित कर उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं। प्रशासन द्वारा रैली स्थल पर रूट निर्धारण, साउंड सिस्टम, पेयजल और स्वल्पाहार जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नशामुक्ति अभियान के तहत जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम नकटीखार में 28 अप्रैल को रैली निकाली जाएगी। इसके पश्चात जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम तेलसरा में 30 अप्रैल को आयोजन होगा। मई माह के अंतराल के बाद, जनपद पंचायत पाली के ग्राम नुनेरा में 15 जून को और जनपद पंचायत पोडीउपरोड़ा के ग्राम मल्दा में 22 जून को रैलियाँ आयोजित की जाएंगी।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, राफ्टर बेड़ी दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल टी, दीवान, पलंग, आलमारी, शोफासेट, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

## प्रदेश में गर्मी के साथ लगातार बढ़ रही बिजली की खपत

# गहराया बिजली संकट, मांग और उत्पादन के बीच 4 हजार 500 मेगावाट का अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

राज्य में गर्मी बढ़ने के साथ बिजली की खपत भी लगातार बढ़ती जा रही है। अप्रैल महीने में ही तापमान 43 से 44 डिग्री तक पहुँच चुका है, जिससे एसी और कूलर की खपत दिन-रात बढ़ गई है। इसका असर बिजली की खपत पर साफ दिख रहा है और इस समय राज्य की बिजली खपत 6800 मेगावाट के पार हो चुकी है। प्रदेश में बिजली की खपत लगभग 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। विशेषज्ञों की मानें तो इस बार बिजली की खपत 7500 मेगावाट तक जा सकती है जो पिछले साल की खपत 7000 मेगावाट से कहीं ज्यादा है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के विद्युत संयंत्रों में महज 2300 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा है। वहीं 4300 मेगावाट बिजली केंद्र सरकार से लेनी पड़ रही है। साथ ही निजी क्षेत्र से भी बिजली खरीदी जा रही है ताकि बढ़ी हुई डिमांड पूरी की जा सके। राज्य के बिजली संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है लेकिन उत्पादन आमतौर पर 2600-2700 मेगावाट के बीच ही हो पाता है। एचटीपीएस संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध के फूटने के बाद 210 मेगावाट क्षमता वाली इकाई क्रमांक 3 व 4 को उत्पादन से बाहर कर दिया गया है वहीं इतनी ही क्षमता वाले इकाई क्रमांक 1 व 2 से 110 और 120 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा रहा है। हालांकि 500 मेगावाट वाले विस्तार संयंत्र से 410 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा रहा है। दरअसल क्षतिग्रस्त झाबू राखड़ बांध में दबाव ना बने इसलिए विद्युत उत्पादन घटाकर राख उत्सर्जन बंद कर दिया गया है। पिछले दिनों कोरबा पश्चिम और श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्रों के यूनिट बंद थे जिससे उत्पादन और भी घट गया था। हालांकि श्यामा प्रसाद मुखर्जी संयंत्र का 250 मेगावाट का यूनिट चालू हो गया है लेकिन कोरबा वेस्ट का 210 मेगावाट का संयंत्र अभी भी बंद है। ऐसे में बिजली की लगातार बढ़ती खपत और उत्पादन में कमी के कारण, बिजली की कटौती का खतरा भी मंडरा रहा है। राज्य विद्युत कंपनी का दावा है कि डिमांड को पूरा करने के लिए पर्याप्त बिजली की व्यवस्था की गई है लेकिन अगर कई संयंत्र और बंद हो जाते हैं तो कटौती की स्थिति बन सकती है। पिछले साल भी कई संयंत्रों की इकाईयों के खराब होने के कारण उद्योगों की बिजली सप्लाई में कटौती की गई थी। विशेषकर बिजली की कमी होने पर पहले उद्योगों की सप्लाई पर असर पड़ता है। सामान्य दिनों में लोग लाइट और पंखे का ही इस्तेमाल करते हैं। इस समय कृषि पंप, एसी कूलर का इस्तेमाल नहीं होता। सामान्य दिनों में पूरे प्रदेश में 5000 मेगावाट बिजली की डिमांड रहती है। पिछले साल पीक सीजन में छत्तीसगढ़ में 6372 मेगावाट की डिमांड थी, जो इस साल बढ़कर 6800 मेगावाट तक पहुंच गया है। बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए राज्य सरकार केंद्र सरकार के कोटे और निजी क्षेत्रों से बिजली खरीद रही है। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली की कमी से बचने के लिए पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों के साथ पॉवर बैंकिंग की है।

### क्या है समाधान

इस स्थिति से निपटने के लिए बिजली कंपनी को संयंत्रों की मरम्मत और रख-रखाव को प्राथमिकता देनी होगी। साथ ही, निजी क्षेत्र से बिजली की सप्लाई बढ़ाकर मांग पूरी करने के उपायों पर काम करना होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि तापमान और खपत का यही रुझान रहा, तो राज्य में बिजली संकट गहरा सकता है। इस समय, बिजली की बढ़ती खपत और संयंत्रों की उत्पादन क्षमता में कमी एक बड़ी चिंता का विषय बन चुकी है। अगर यह स्थिति बनी रही तो प्रदेश में बिजली कटौती की स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

### पिकआवर में महंगी बिजली

पावरपुल के साथ ही बिजली की खरीदी भी की जाती है। बिजली खरीद कर उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जाती है। उपभोक्ता बढ़ने के साथ ही नए कंस्ट्रक्शन नए उद्योग भी स्थापित हो रहे हैं। जिसकी वजह से भी बिजली की खपत बढ़ी है। ऐसे में विद्युत विभाग को बिजली की खरीदी भी करनी पड़ती है लेकिन उसके लिए शाम या रात के समय खरीदी करते हैं तो बिजली विभाग को अधिक शुल्क चुकाना पड़ता है। दिन में खरीदी करते हैं तो शुल्क कम लगता है।

## सूरज उगल रहा आग, सड़कें हुई सूनसान, गहराने लगा जल संकट


गर्मी में सूनसान सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तेज धूप और गर्म हवाओं ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित कर रखा है। दिन का तापमान 44 डिग्री तक पहुंच चुका है। सड़कें सूनसान होने लगी है। इसके साथ ही कई नई चुनौतियां भी सामने आने लगी हैं।

**खास बात**

- जागरुक लोगों ने घरों के सामने मवेशी व पक्षियों के लिए की पानी की व्यवस्था

ऐसे में इंसानों ने अपनी जरूरतों के साथ-साथ पर्यावरण और जीव-जंतुओं के प्रति भी संवेदनशीलता दिखानी शुरू कर दी है। शहर और आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों और पशुओं के लिए पानी और भोजन की व्यवस्था करने की पहल तेज हो गई है। लोगों द्वारा अपने घरों की छतों, आंगनों और खिड़कियों पर मिट्टी के बर्तन, पानी से भरे कटोरे और दाना रखा जा रहा है, ताकि गर्मी में पक्षियों को राहत मिल सके। इसके अलावा कई सामाजिक और स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी इस दिशा में सराहनीय कदम उठाए हैं। व्यस्त बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों और चौराहों पर भी पानी के बर्तन और पशुओं के लिए चारा रखने की व्यवस्था की जा रही है। कुछ स्थानों पर विशेष रूप से मटके और टंकियां रखी गई हैं, जिनमें नियमित रूप से पानी भरा जा रहा है। राहगीर भी इन प्रयासों में सहयोग करते हुए पानी भरने और दाना डालने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। यह पहल न केवल पक्षियों और पशुओं के लिए राहत का कारण बन रही है, बल्कि लोगों के बीच सामाजिक सरोकार और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ा रही है।

# पुरानी पेंशन योजना की मांग को लेकर एचटीपीएस में बीएमएस की आमसभा


पेंशन की मांग को लेकर एकत्र हुए बीएमएस के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मजदूर संघ से संबंद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के नेतृत्व में बिजली कर्मचारियों ने एचटीपीएस संयंत्र के मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में विशाल आमसभा का आयोजन किया। इस दौरान पुरानी पेंशन योजना को लागू करने सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व विद्युत कंपनी के अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपा।

बिजली कर्मचारियों की मांग है कि छत्तीसगढ़ शासन के अधीनस्थ कार्यरत कर्मचारियों अधिकारियों की तरह छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनीज में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जावे, विद्युत कंपनीज में वर्तमान में दबावपूर्वक लागू किये जा रहे आवास व्यवस्था संबंधी अव्यवहारिक आदेश तत्काल वापस लिया जावें। विद्युत कंपनीज में अधिकारियों को दिये जा रहे तकनीकी भत्ता की भांति तकनीकी कर्मचारियों को भी तकनीकी भत्ता एवं कार्यालयीन कर्मचारियों को कम्प्युटर भत्ता प्रदान किया जाये। विद्युत कंपनीज में कार्यरत पैसे कर्मचारियों जिनकी पदोन्नति प्रबंधन द्वारा अभी तक नहीं की गई है पैसे कर्मचारियों की पदोन्नति प्राथमिकता के साथ यथाशीघ्र आदेश प्रसारित किया जाये। कार्यालय सहायकों के ग्रेडेशन विसंगति में तत्काल सुधार कार्य कर तदानुसार पदोन्नति आदेश जारी किये जावें। विद्युत उत्पादन कंपनी में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों की रिस्ट्रक्चरिंग वर्ष-2017 से लंबित है जिस पर शीघ्र कार्यवाही कर लागू किया जावें। विद्युत कंपनीज में कार्यरत ठेका मजदूरों को विद्युत कंपनी में शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करें तथा मजदूरों को हाजरी कार्ड, वेतन पर्ची आवश्यक रूप से प्रदान करे और भविष्य में होने वाले विद्युत कंपनी की सीधी भर्ती में बोनस अंक देकर भर्ती में प्राथमिकता दिए जाने की मांग प्रमुख रुप से शामिल है। आमसभा के दौरान नवरत्न बरेठ, अजय मिश्रा, सी एस दुबे, सुरेश साहू, केदार राठौर, अमर राठौर, मदनमोहन पांडेय, पूर्णिमा साहू, संदीप राठौर, कमल नारायण पटेल, शब्बीर मेमन, नारायण साहू, गणेश जायसवाल, आकाश पटेल, राजा राने, रंजिता बड़ा, गुरुनंदन रजवाड़े, संजय राठौर, विश्वास पटेल, वरुण सूद, नारायण सिंह, सिद्धार्थ पांडेय, आमिर भारिया, रमेश साहू, खगेश साहू, शोभा दास, हरीश राठौर, इंद्र राठौर, कांशी चंद्र सहित अन्य शामिल थे।

# गेवरा खदान से प्रभावित भूविस्थापितों का 28 से अनिश्चितकालीन धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एसईसीएल गेवरा परियोजना से प्रभावित ग्राम रलिया मनगांव लक्ष्मण नगर और नरईबोध के ग्रामीणों ने प्रशासन और प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कलेक्टर, विधायक और एसईसीएल महाप्रबंधक को सौंपे गए एक ज्ञापन में ग्रामीणों ने अपनी गंभीर समस्याओं को साझा करते हुए चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो 28 अप्रैल से वे गेवरा कार्यालय के समक्ष उग्र और अनिश्चितकालीन प्रदर्शन करेंगे।

भूविस्थापितों की मांगों में प्रमुख रुप से ग्राम रलिया के बहादुर केंवट का मकान तोड़े हुए एक माह बीत चुका है लेकिन आज तक मुआवजा राशि खाते में जमा नहीं की गई है इसी प्रकार मनगांव लक्ष्मण नगर के विस्थापितों की दोबारा अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा दिया जावे, प्रभावित परिवारों को न तो स्थाई रोजगार दिया जा रहा है और न ही वैकल्पिक रोजगार की कोई व्यवस्था की गई है भूमि संबंधी अन्य प्रकरण भी वर्षों से लंबित हैं उसका निराकरण किया जावे, ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि शांतिपूर्ण धरने के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है साथ ही नरईबोध के पार्षद पति राकेश पटेल पर आरोप लगाया गया है कि वे प्रभावित ग्रामीणों की पीएनसी कंपनी में ज्वाइनिंग को अवैध रूप से रुकवा रहे हैं जिनसे उन्हें सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग शामिल है। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने अपनी जमीन एसईसीएल को दी है किसी स्थानीय प्रतिनिधि को नहीं अतः प्रबंधन और प्रशासन सीधे विस्थापितों से संवाद करे ज्ञापन में मांग की गई है। अगले 7 दिनों के भीतर सभी लंबित मुआवजा राशि और रोजगार की प्रक्रिया पूर्ण की जाए धरना स्थल और आने-जाने वाले मार्ग पर पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए। प्रभावित महिला गोमती केवट ने कहा कि हम अपनी जायज मांगों के लिए सालों से भटक रहे हैं यदि शासन-प्रशासन सात दिनों में ठोस कार्यवाही नहीं करता तो 28 अप्रैल से होने वाले अनिश्चितकालीन आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन की होगी।

## ईंधन और रसोई गैस की आपूर्ति सुचारू, उपलब्ध स्टॉक के आंकड़े जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की वर्तमान स्थिति को लेकर नवीनतम आंकड़े जारी किए गए हैं, जिसके अनुसार जिले में ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। 24 अप्रैल तक की स्थिति के अनुसार, जिले के सभी 28 गैस वितरकों के पास कुल 4295 सिलेंडरों का स्टॉक शेष है। जिले में कुल 2 लाख 92 हजार 600 गैस उपभोक्ता पंजीकृत हैं, जिनमें से 1 लाख 52 हजार 236 प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत आते हैं। वितरकों के पास उपलब्ध स्टॉक आगामी एक से दो दिनों की आपूर्ति के लिए पर्याप्त है। पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता की बात करें तो जिले के 102 रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से निरंतर आपूर्ति की जा रही है। जिले में पेट्रोल की कुल भंडारण क्षमता 2085 किलोलीटर है, जिसके मुकाबले वर्तमान में 856 किलोलीटर स्टॉक उपलब्ध है, जो कुल क्षमता का 41 प्रतिशत है। वहीं डीजल (एचएसडी) की कुल भंडारण क्षमता 3537 किलोलीटर है और वर्तमान में 1230 किलोलीटर स्टॉक भंडारित है, जो कुल क्षमता का 34 प्रतिशत है।

# डीएसपीएम में अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व में 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसका समापन 20 अप्रैल को मुख्य अभियंता (उत्पा.), संजीव कंसल के मुख्य आतिथ्य, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुनील सरना, राजेश्वरी रावत, एल.एन. सूर्यवंशी एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के आतिथ्य में सपंन्न हुआ।

इस अवसर पर संजीव कंसल ने अपने उद्बोधन में फायर एण्ड सैफ्टी की थीम सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-अग्नि रोकथाम के लिए एक साथ के महत्व के बारे में बात की और कहा कि विद्यालय एवं अस्पताल सचमुच में काफी संवेदशील क्षेत्र है वहॉ आमजन मानस को अग्नि दुर्घटना एवं आग बुझाने के विभिन्न उपायो की जानकारी देने एवं जागरूक करने की बात कही साथ ही कहा कि असुरक्षित कार्यो के रोकथाम के लिए हमारे लिए जागरूकता बहुत ही महत्वपूर्ण है तब जाकर हम दुर्घटना के शून्य लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।सुरक्षित कार्य स्थल के साथ हम सभी अधिकारी कर्मचारी को एक सुरक्षित कल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध होना है। समय-समय पर अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा हेतु मॉकड्रील के माध्यम से जागरूक कराना आवश्यक है। अग्निशमन संबधित प्रश्नोत्तरी संरक्षा अधिकारी सुमन सोमानी के द्वारा किया गया। नारा प्रतियोगिता विषय सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल और अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज-अग्नि रोकथाम के लिए एक साथ मे अधिकारी वर्ग से प्रथम प्रियंका पाण्डेय, द्वितीय रश्मि साहू, तृतीय कविता ठककर।




कर्मचारी वर्ग से प्रथम सागर देवांगन द्वितीय घनश्याम साहू तृतीय बबुली चौधरी। ठेका श्रमिक वर्ग से प्रथम मनीषा देवांगन, द्वितीय श्रीकांत गुप्ता, तृतीय रामांनंद कंवर एवं कविता लेखन में अधिकारी वर्ग से प्रथम रणजीत सिंह राठौर, द्वितीय प्रियंका पाण्डेय, तृतीय कविता ठक्कर। कर्मचारी वर्ग से प्रथम सागर देवांगन, द्वितीय घनश्याम साहू, तृतीय रजनी मरावी। ठेका श्रमिक वर्ग से प्रथम रामांनंद कंवर, द्वितीय श्रीकांत गुप्ता तृतीय मनीषा देवांगन रही।

### महाप्रबंधक को समस्याओं से अवगत कराया पार्षद ने

**गेवरा दीपका।** नगर पालिका परिषद दीपका के पार्षद अरुणीश तिवारी ने एसईसीएल दीपका क्षेत्र के एरिया महाप्रबंधक अशोक कुमार से मुलाकात कर प्रगति नगर आवासीय परिसर के सुविधा विस्तार व मरम्मत कार्य सहित धूल डस्ट की रोकथाम के लिए ध्यान आकर्षण कराया है। श्री तिवारी ने महाप्रबंधक से आशा की है कि जिस तरह से उन्होंने अपने पूर्व के कार्यकाल में क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लिया था उसी तरह इस बार भी वह समस्याओं का निराकरण करेंगे।

कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार बम्हनीडीह
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
ग्राम-भदरा
दिनांक 22/04/26
**ईश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक पांडू खैरवार पिता गहिल सिंह उम्र 66 वर्ष जाति खैरवार निवासी भदरा तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने भाई रथराम खैरवार के मृत्यु दिनांक 04/01/2019 स्थान भदरा पर पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पटवारी प्रतिवेदन मय पंचनामा शपथ पत्र सहित पेश किया है। अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/05/26 को समय 11:00 बजे बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 22/04/26 को न्यायालय के सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
जारी दिनांक 22/04/26
पेशी दिनांक 7/05/26
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बम्हनीडीह**

कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार बम्हनीडीह
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
ग्राम-भदरा
दिनांक 22/04/26
**ईश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक पांडू खैरवार पिता गहिल सिंह उम्र 66 वर्ष जाति खैरवार निवासी भदरा तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने भाई रत्थुराम के मृत्यु दिनांक 02/03/1994 स्थान भदरा पर पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पटवारी प्रतिवेदन मय पंचनामा शपथ पत्र सहित पेश किया हैं। अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/05/26 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 22/4/26 को न्यायालय के सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
जारी दिनांक 22/4/26
पेशी दिनांक 07/05/ 26
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बम्हनीडीह**

कार्यालय अतिरिक्त तहसीलदार बम्हनीडीह
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
ग्राम-भदरा
दिनांक 22/04/2026
**ईश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक पांडू खैरवार पिता गहिल सिंह उम्र 66 वर्ष जाति खैरवार निवासी भदरा तहसील बम्हनीडीह जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने मां आशमति के मृत्यु दिनांक 03/09/2013 स्थान भदरा पर पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पटवारी प्रतिवेदन मय पंचनामा शपथ पत्र सहित पेश किया हैं। अतः जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07/05/26 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 22/04/26 को न्यायालय के सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।
जारी दिनांक 22/04/26
पेशी दिनांक 07/05/26
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बम्हनीडीह**

**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खोखसा प. ह. नं. 11 रा. नि. मं. वो तहसील जांजगीर जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. में भूमि ख. न. 2845/2 रकबा 0. 36 ए. भूमि रुख्मीन बेवा महावीर अमर, बलराम, जमुना, हेमा, नेहा, हीना, पिसरान स्व. महावीर, हीना, शारदा, पीसरान स्व. रमेश एवं सुख बाई बेवा स्व. रमेश, एवं भोला पिता स्व. रमेश नाबालिग जरिये बलि मां सुखबाई पति स्व. रमेश सभी जाति रोहिदास निवासी वार्ड नं. 17 रविदास चौक जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा छ. ग. के नाम पर दर्ज था। उक्त भूमि में से 0.05 डि. को जमुना पिता महावीर, 0.05 हेमा पिता महावीर, एवं 0.03 डि. रूखमणी पिता महावीर के द्वारा मेरे पक्षकार काशी प्रसाद सोनी पिता टिकैतराम सोनी एवं अनुद्र सिंह राठौर पिता रामकुमार राठौर साकिनान जांजगीर के पास दिनांक 25.7.2023 को 258000/- दो लाख अंठावन हजार रू. प्रति डिसमील के हिसाब से बिक्री करने का पक्का सौदा कर 400000/- रू. चार लाख रू. नगद एवं बैंक आफ बड़ौदा शाखा चाम्पा के चेक क्र. 005813 के माध्यम से 100000/- रू एक लाख रू. प्राप्त कर उक्त भूमि की रजिस्ट्री लिखा पढी क्रेता की सहमति एवं पक्षकारों की सहमति एवं हस्ताक्षर के मेरे पक्षकार क्रेता के पक्ष में करा देने का वचन दिया गया तथा उसी दिनांक को मेरें पक्षकार क्रेता के पक्ष में एक इकरारनामा / सहमति पत्र गवाहों के समक्ष निष्पादित कर दिया। इस बीच मेरे पक्षकार के द्वारा आप लोंगों से संपर्क कर उक्त भूमि की रजिस्ट्री लिखा पढ़ी के लिये कहने पर आप लोगों के द्वारा टाल मटोल किया जा रहा है। मेरे पक्षकार को आज दिनांक 25.04.2026 को विश्वस्थ सूत्रों पता चला है कि आप लोग उक्त भूमि को डा. एस. एल ओग्रे पशु चिकित्सा अधिकारी जांजगीर के पास बिक्री करने के लिये प्रयासरत हैं। मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि का आन लाईन राजस्व अभिलेखों की नकल प्राप्त किया तो पता चला कि उक्त भूमि का टुकड़ों में खाता विभाजन कराया जाकर अन्य के पास बिक्री किया जाना गलत है आप लोंगों का यह कृत्य आपराधिक है, आप लोगो को ऐसा करने का अधिकार नहीं हैं, और न ही आप लोंगों को उक्त भूमि को अन्य के पास बिक्री करने का अधिकार है। अतः यह आम सूचना के माध्यम से आप लोंगों को सुचित किया जाता है कि आप लोग उक्त भूमि का बिक्री/रजिस्ट्री न करे अन्यथा मेरा पक्षकार संविदा के पालन हेतु सक्षम न्यायालय में वाद पेश करेगा जिसके लिये आप लोग जवाबदार होंगे, तथा डा. एस. एल ओग्रे आपको उक्त भूमि पर कोई अधिकार प्राप्त नही होगा और अनावश्यक कानुनी विवाद में पड़ेगे अतः आप या कोई अन्य उक्त भूमि की खरीदी न करें। इस हेतू यह आम सुचना प्रकाशित है।
दिनांक 25.04.2026
**प्रकाशक**
**सनातन राठौर अधिवक्ता**
**अधिवक्ता जांजगीर**
**जिला जांजगीर चाम्पा छ. ग.**
**मो. नं. 09425230588**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# किंग का नया टीजर जारी रिलीज डेट हुई कंफर्म

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की किंग इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की भारी-भरकम स्टारकास्ट पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। वहीं, पिछले साल शाहरुख के बर्थडे पर फिल्म का पहला लुक सामने आने के बाद फैंस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं। अब मेकर्स ने फिल्म का एक नया टीजर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज डेट कंफर्म कर दी है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा इंस्टाग्राम पर किंग का एक खास टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही मेकर्स ने ये भी स्पष्ट कर दिया कि किंग क्रिसमस के मौके पर एक दिन पहले 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया गया, जिसमें शाहरुख खान की 'बॉलीवुड के बादशाह' के रूप में लोकप्रियता का जिक्र किया गया।

लाइफStyle

# साई

## टाइपकास्टिंग से बचने कहना पड़ता है ना



साई ताम्हणकर इन दिनों वेब सीरीज 'मटका किंग' में नजर आ रही हैं, जो 60 के दशक के बैकग्राउंड पर आधारित एक दिलचस्प कहानी है। इस प्रोजेक्ट में वे बरखा जैसे दमदार किरदार में दिखाई दी हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपने किरदार, इंडस्ट्री में टाइपकास्टिंग, पैन इंडिया ट्रेंड, पर्सनल लाइफ और एक्टिंग के बदलते दौर और अपनी शादी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, टाइपकास्टिंग से बचना बहुत मुश्किल रास्ता है। इसके लिए एक एक्टर को अक्सर इंतजार करना पड़ता है कि उसे कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण ऑफर किया जाए।

एजेंसी ▶▶| मुंबई


मैं इंडस्ट्री के दूसरे पक्ष को भी समझती हूं, जब कोई एक्टर किसी खास तरह के रोल में खुद को साबित कर देता है, तो उसे उसी तरह के रोल में कास्ट करना एक सेफ बेट माना जाता है। लेकिन मुझे लगता है कि अब थोड़ा रिस्क लेने की जरूरत है। एक्टर्स को रीइमैजिन करना चाहिए, उन्हें नए नजरिए से देखना चाहिए और अलग अलग तरह के किरदारों में मौका देना चाहिए। मैंने खुद भी टाइपकास्टिंग का अनुभव किया है। ऐसे में इससे बचने का एक ही तरीका है, एक जैसे रोल्स को ना कहना। हालांकि यह फैसला आसान नहीं होता। यह जर्नी कई बार मानसिक, पेशेवर और आर्थिक रूप से भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। लेकिन, अगर आपको अपने करियर में कुछ अलग हासिल करना है, तो यह कदम उठाना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले मैंने एक फाउंडेशन के लिए एक गाने पर काम किया था, जिसे नागराज मुंगले ने डायरेक्ट किया था। उस दौरान हमारी थोड़ी सी बातचीत हुई थी और तभी से मेरे मन में कहीं न कहीं ये इच्छा थी कि मुझे उनके साथ फिर से काम करना है। जब मुझे पता चला कि 'मटका किंग' को वही डायरेक्ट कर रहे हैं, तो मेरे पास 'ना' कहने की कोई वजह ही नहीं थी। मुझे लगा कि यह एक बेहतरीन कोलैबोरेशन होगा, अच्छे कलाकार और पूरी टीम के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

## हॉलीवुड मसाला



# दो साल बाद भारत लौटीं ग्लोबल आइकन

**मुंबई।** ग्लोबल पॉप सेंसेशन और 9 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकीं रिहाना गुरुवार रात को अचानक भारत आई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर देर रात करीब 10:30 बजे उन्हें स्पॉट किया गया। बारबाडोस की सिंगर इससे पहले 2024 में अनंत अंबानी की शादी में भारत आई थीं। एक ओर जहां, मुंबई में लैंड होते ही उनके चेहरे पर बेहद खुशी नजर आई, वहीं मौके पर मौजूद पपाराजी का भी जोश देखने लायक रहा। उन्होंने रिरी-रिरी के नारों के साथ सिंगर का स्वागत किया। इसके साथ हमीडिया पर रिहाना के फोटोज और वीडियोज भी सकुर्लेट होने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिहाना भारत में अपने ब्यूटी और कॉस्मेटिक लाइन 'फेंटी ब्यूटी' के एक इवेंट के लिए आई हैं। अपने पिछले इंडिया टूर के बाद रिहाना ने अपनी दोस्त मेलिसा फोर्ड के इंस्टाग्राम लाइव में हिस्सा लिया था।




# 40 साल बाद भारत में फिर रिलीज होगी टॉम की टॉप गन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की ब्लॉकबस्टर फिल्म टॉप गन को रिलीज हुए इस साल 40 साल पूरे हो जाएंगे। अब इस मौके पर भारत में टॉप गन फिर से रिलीज होगी। खुद मेकर्स न इसकी घोषणा की है। पैरामाउंट पिक्चर्स ने शुक्रवार को यह घोषणा की कि वह 1986 की ब्लॉकबस्टर फिल्म और इसके 2022 के सीक्वल टॉप गन: मैवरिक को एक विशेष एक सप्ताह के लिए सिनेमाघरों में फिर से रिलीज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। टॉम क्रूज के पीट 'मैवरिक' मिशेल को 15 मई से एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखा जा सकेगा। 1986 में रिलीज हुई टॉप गन सुपरहिट थी। फिल्म में कई जबरदस्त एक्शन सीन, एयरिय बैटल्स व डॉगफाइट्स और अमेरिकी वायु सेना के पायलटों की ग्लैमरस जिंदगी को दिखाया है। यह फिल्म टॉप गन के नाम से मशहूर फाइटर वेपन्स स्कूल में नौसेना के प्रतिभाशाली पायलटों के एक ग्रुप की कहानी है, जो बेस्ट बनने की होड़ में अपने विमानों और एक-दूसरे की क्षमताओं की चरम सीमा तक पहुंच जाते हैं। दिवंगत टोनी स्कॉट द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वैल किल्मर, एंथनी एडवर्ड्स, केली मैकगिलिस, मेग रयान और टॉम स्केरिट ने सहायक भूमिकाएं निभाईं। इस फिल्म ने टॉम क्रूज को सुपरस्टार बनाने में अहम भूमिका निभाई।



# एथलीट में बनाना चाहती हैं राहा का कॅरियर


**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा 3 साल की हो गई है, और आलिया अभी से अपनी बच्ची के भविष्य के लिए सोचने लगीं हैं। हाल ही में उन्होंने खुलासा किया कि वे राहा को कौन से कॅरियर फील्ड में देखने पसंद करेंगी। इसमें चौंकाने वाली बात ये रही कि उन्होंने राहा के भविष्य में एक्टिंग या बॉलीवुड स्टार बनने का जिक्र नहीं किया। इंटरव्यू में आलिया भट्ट ने अपनी सोच और पर्सनल लाइफ को लेकर दिलचस्प बातें शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लगता है जब सब कुछ एक टीम की तरह काम करता है। अगर मैं एथलीट होती, तो जरूर कोई टीम स्पोर्ट खेलती। ये बात मैं कभी-कभी सोचती भी हूं। यहां तक कि अपनी बेटी के लिए भी, मैं चाहती हूं कि वो एथलीट बने। वो बहुत कॉम्पिटिटिव है और काफी एक्टिव भी। वो अभी सिर्फ तीन साल की है, लेकिन बहुत उछल-कूद करती रहती है।



# इरफान की पान सिंह तोमर पर बनी डॉक्यूमेंट्री

**मुंबई।** इरफान खान का नाम बॉलीवुड के महान एक्टर्स की लिस्ट में शामिल किया जाता है। सोशल मीडिया पर लोग आज भी इरफान खान को याद करते हैं और उनकी फिल्मों की बात करते हैं। इरफान खान ने फिल्मों में जो भी रोल निभाया, उसे खूब प्यार मिला, लेकिन इरफान खान की फिल्म 'पान सिंह तोमर' के लिए लोगों के मन में अलग ही जगह है। अब इरफान खान की इसी फिल्म की मेकिंग पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई गई है। इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग इरफान खान की छठी पुण्यतिथि पर होगी। इरफान खान की छठी पुण्यतिथि, 29 अप्रैल को नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस डॉक्यूमेंट्री का टाइटल- 'वह कहानी जो मरने से इनकार कर गई' है।

## टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में नजर आएंगे विवियन

नई दिल्ली। रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी में कौन-कौन से चेहरे नजर आएंगे, इसको जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। अब खतरों के खिलाड़ी 15 को लेकर बड़ा अपडेट आया है। शो में टीवी के वैम्पायर विवियन डीसेना की एंट्री होगी। फैंस विवियन का नाम जानने के बाद काफी उत्साहित हैं। विवियन पहले भी इस शो का हिस्सा रह चुके हैं। इससे पहले विवियव डीसेना बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। विवियन डीसेना की रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 15 में एंट्री कन्फर्म हो गई है। विवियन डीसेना बिग बॉस 18 में भी नजर आए थे। विवियन डीसेना शो के पहले रनर अप थे। करणवीर मेहरा बिग बॉस 18 के विनर थे। अगर विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी के अपकमिंग सीजन में नजर आते हैं तो ये पहली बार नहीं होगा जब विवियन डीसेना स्टंट बेस्ड रियलिटी शो में नजर आएंगे। विवियन डीसेना खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 का हिस्सा थे। विवियन वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर शो में पहुंचे थे। खतरों के खिलाड़ी सीजन 7 के विनर दिवंगत एक्टर सिद्धार्थ शुक्ला थे। विवियन डीसेना को टीवी का वैंपायर कहा जाता है। स्टार वन के शो प्यार की ये एक कहानी में विवियन डीसेना ने अभय रायचंद नाम के वैम्यार का किरदार निभाया था। विवियन डीसेना के इस रोल को काफी पसंद किया गया था। इस शो में विवियन की लीड एक्ट्रेस सुकीर्ति कांडपाल थीं। इसके अलावा, विवियन डीसेना कलर्स के शो मधुबाला, शक्ति-अस्तित्व के एहसास की, सिर्फ तुम और उड़ारियां जैसे शोज में नजर आ चुके हैं।

## अनुपमा में होगी समीक्षा की एंट्री

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'अनुपमा' में श्रुति की एंट्री से हड़कंप मचने वाला है। शनिवार के दिन श्रुति की पहली झलक दिखाई जाएगी। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, श्रुति के आने की वजह से अनुपमा और उसकी बेटी राही का रिश्ता खराब हो जाएगा।



पहले श्रुति का किरदार सुकीर्ति कांडपाल ने निभाया था। जब अनुपमा से तलाक लेने के बाद अनुज कपाड़िया और राही उर्फ आध्या अमेरिका शिफ्ट हो गए थे, तब राही का ख्याल श्रुति ने ही रखा था। इतना ही नहीं, श्रुति, अनुज से प्यार करती थी और उससे शादी भी करना चाहती थी। वहीं, श्रुति का किरदार समीक्षा भटनागर निभाने वाली हैं। समीक्षा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'अनुपमा जैसे लोकप्रिय शो में इतना दमदार किरदार निभाने का मौका पाकर मैं बहुत खुश हूं। यह शो लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुका है। ऐसे में मैं शुक्रगुजार हूं कि अब मैं भी इस सफर का हिस्सा बन गई हूं। राजन शाही सर का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करती हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मेरी काबिलियत को पहचाना।' एक्ट्रेस ने आगे कहा, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं सातवें आसमान पर हूं। मेरी फिल्म 'श्री बाबा नीब करोरी महाराज' 24 अप्रैल को रिलीज हो गई है और ठीक उसी समय मेरा टीवी का सफर भी फिर से शुरू हो रहा है।

# बेटी न्यासा संग बिगड़ गया था काजोल का रिश्ता, आपस में झगड़ते थे

**मुंबई।** काजोल बड़े पर्दे पर एक दयालु मां का किरदार कई बार निभा चुकी हैं। असल जिंदगी में भी वह एक बेटी न्यासा और बेटे युग की परवरिश कर रही हैं। जब काजोल की बेटी न्यासा टीनएज में आई तो इनके रिश्ते में कई उतार-चढ़ावा आए, एक वक्त तो दोनों के बीच खूब झगड़ते भी होते थे। हाल ही में काजोल ने लिली सिंह के पॉडकास्ट पर में अपनी जेन जी बेटी न्यासा और उसकी परवरिश में आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। वह कहती हैं, 'मैं उससे बहुत सारी बातें करती हूं। मैं उसकी हर बात समझाती हूं। यह एक ऐसा रिश्ता है जिसे हमें मिलकर बनाना पड़ा है। जब वह टीनएज में आई तो हम दोनों ही बहुत ज्यादा परेशान थे। हम आपस में झगड़ते थे, कई बार हम दोनों ही बिना सोचे-समझे बातें कह देते थे। कई बार हम दोनों ही तर्कहीन बातें करते थे।'

## बेटी को लेकर बदली अपनी सोच



काजोल आगे कहती हैं, 'बड़े होने के नाते मैंने पहल की। खुद से कहा कि मुझे थोड़ा और समझदारी से काम लेना चाहिए। मैंने तय किया कि अब मैं न्यासा से झगड़ा नहीं करूंगी। मैं उससे बात करने की कोशिश करूंगी। मैं उससे तब तक बात करती रहूंगी जब तक वह मेरी बात सुनना शुरू न कर दे। धीरे-धीरे यह तरीका बातचीत में बदल गया, लंबी-लंबी बातचीत में हमारे बीच होने लगी। इसी बात से सबसे बड़ा फर्क पड़ा। पैरेंटिंग की यही मेरी सबसे बड़ी सीख थी।' काजोल की अपकमिंग फिल्म की बात करें तो वह महारागिनी में नजर आएंगी। पिछले साल वह मां और सरजमीं जैसी फिल्मों में दमदार किरदार निभाती दिखी थीं। साथ ही उन्होंने ट्विंकल खन्ना के साथ एक टॉक शो 'टू मच' भी किया था। इस शो में बॉलीवुड सेलेब्स आकर अपने कई राज बताते थे।

# 86 की उम्र में भी काम करने को हैं मजबूर

**नई दिल्ली।** दिग्गज हास्य अभिनेता दिनेश हिंगू ने 86 साल की उम्र में अपने जीवन के बारे में खुलकर बात की है, और उन्होंने जो शेयर किया वह दिल छूने वाला है। अपनी अनोखी कॉमेडी से पीढ़ियों को हंसाने के लिए मशहूर इस एक्टर ने बताया कि आर्थिक जरूरतें खत्म नहीं हुई हैं, इसलिए वह आज भी काम पर जाते हैं। हाल ही में एक बातचीत में हिंगू ने कहा, 'मैं 86 साल का हूं। मैं कभी-कभी काम के लिए बाहर जाता हूं। हाल ही में मैं गिर गया और मुझे चोट लग गई। अब ठीक है, डॉक्टर के पास जाने के लिए भी माल चाहिए ना। वो तो लूटते हैं कभी लाओ 5000, कभी 6000 रुपए लाओ। एक ऐसा व्यक्ति जिसने 300 से अधिक फिल्मों में काम किया है, जो दशकों से एक जाना-पहचाना चेहरा रहा है, उसे आज भी बुनियादी चिकित्सा खर्चों की चिंता सता रही है। यह फिल्म इंडस्ट्री में जिंदगी को बयां करता है, खासकर ऐसे एक्टर्स को जो कभी लीड रोल नहीं ले पाए लेकिन अनगिनत फिल्में कीं।



### कॉमिक टाइमिंग से छाए

हिंगू के कॅरियर की असली पहचान उनकी निरंतरता थी। उन्होंने बड़े किरदारों या भारी-भरकम डायलॉग्स पर भरोसा नहीं किया। इसके बजाय, उन्होंने अपनी टाइमिंग, बॉडी लैंग्वेज और एक अनोखी हास्य शैली के दम पर अपनी एक अलग पहचान बनाई। नमक हलाल, करण अर्जुन, हम आपके हैं कौन..!, कुली नंबर 1 और गुप्त जैसी फिल्मों में उन्होंने यादगार रोल किए।

### तकदीर फिल्म से की एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत

13 अप्रैल, 1940 को बड़ौदा में जन्मे दिनेश हिंगू का भारतीय सिनेमा में लंबा और निरंतर सफर रहा है। भले ही उन्होंने हमेशा लीड रोल्स न किए हों, लेकिन उनकी प्रेजेंस को नजरअंदाज करना मुश्किल था। उनकी कॉमेडी, खासकर केवल अपने हाव-भाव और अलग आवाज से लोगों को हंसाने की उनकी क्षमता ने उन्हें दर्शकों का चहेता बना दिया। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत 1967 में आई फिल्म तकदीर से की थी। अपने समय के कई एक्टर्स की तरह, उनकी सफलता रातोंरात नहीं मिली। यह एक के बाद एक फिल्म और एक के बाद एक रोल के साथ धीरे-धीरे आगे बढ़ने का सफर था। वर्षों के दौरान, उन्होंने कई तरह की फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे डायरेक्टर्स के भरोसेमंद चेहरों में से एक बन गए।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगा जोरदार मनोरंजन

# रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वीकएंड आ गया है। मनोरंजन के शौकीन कुछ नई फिल्म और सीरीज की तलाश में होंगे। यूं तो सिनेमाघरों में माइकल और गिन्नी वेड्स सनी 2 जैसी फिल्में शुक्रवार को रिलीज हो गई हैं। मगर, गर्मियां भी अपने पूरे रंग दिखा रही है। ऐसे में अगर आप घर बैठे सुकून से ओटीटी पर ही कुछ देखने का मन बना रहे हैं तो आपके पास अच्छे विकल्प हैं।

### प्रतिछाया

यह मलयालम पॉलिटिकल थ्रिलर फिल्म इस साल मार्च में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर भी दस्तक दे चुकी है। इस वीक से दर्शक इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं। इस फिल्म में पावर, राजनीति और बदले की दमदार कहानी दिखाई गई है। 24 अप्रैल से 'प्रतिछाया' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रही है।




### 24

अनिल कपूर अभिनीत एक्शन थ्रिलर शो 24 का तीसरा सीजन भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। इसमें अनिल कपूर एक बार फिर जय सिंह राठौड़ के रोल में नजर आए हैं। यह शो शुक्रवार 24 अप्रैल से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है। बता दें कि '24' का पहला सीजन 04 अक्टूबर 2013 को टीवी पर आया था। दूसरा सीजन 23 जुलाई 2016 से 9 अक्तूबर 2016 तक प्रसारित हुआ। अब तीसरा सीजन ओटीटी पर आ चुका है।

### स्ट्रेंजर थिंग्स- टेल्स फ्रॉम 85

इस वीकएंड आप इस सीरीज का भी लुत्फ उठा सकते हैं। यह 23 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह एक एनिमेटेड साइंस फिक्शन सीरीज है। अगर आपको एनिमेटेड शो पसंद हैं, तो इसे देख सकते हैं।

### एपेक्स

यह एक सर्वाइवल एक्शन थ्रिलर फिल्म है। यह भी इस वीकएंड देख सकते हैं। इसका निर्देशन बाल्टासर कोरमाकुर ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट जेरेमी रॉबिन्स ने लिखी है। वहीं, इसमें चार्लीज थेरॉन, टैरोन एगर्टन और एरिक बाना जैसे सितारे हैं। यह फिल्म 24 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### हैप्पी राज

यह एक तमिल फिल्म है, जो इस साल मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन मारिया राजा ने किया है। वहीं, इसमें जी.वी. प्रकाश कुमार, अब्बास, श्री गौरी प्रिया और जॉर्ज मरियन अहम भूमिकाओं में हैं। अब यह फिल्म ओटीटी पर 24 अप्रैल से प्राइम वोडियो पर आ गई है।

### मार्टी सुप्रीम

अगर आपको स्पोर्ट्स ड्रामा देखना पसंद है तो ऑस्कर नामांकित फिल्म 'मार्टी सुप्रीम' को इस वीक की लिस्ट में जोड़ सकते हैं। यह 1950 के दशक की पृष्ठभूमि पर बनी है। यह पिंग पोंग खिलाड़ी मार्टी माउजर पर आधारित है, जो पार्ट टाइम जूतों की दुकान पर सेल्समैन का काम भी करता है। उसके संघर्ष और खेल के प्रति जुनून को दिखाया गया है। यह फिल्म 24 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर आ गई है।

### बंद मेलम

यह तेलुगु भाषा की रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म की कहानी दो दोस्तों गिरी और राजी पर आधारित है, जिनकी दोस्ती बचपन से है। मगर, एक गलतफहमी की वजह से इनके बीच दूरी आ जाती है। फिर, एक मोड़ पर आकर इन्हें जिंदगी फिर मिलवाती है। यह फिल्म शुक्रवार को जी5 पर रिलीज हो चुकी है।

## खबर संक्षेप

### सतनामी अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने अरुण सोनवानी



**सक्ती।** सतनामी अधिकारी कर्मचारी संघ ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सक्ती जिले के व्याख्याता अरुण कुमार सोनवानी को जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र रॉय ने कहा कि संगठन विस्तार का मुख्य उद्देश्य सतनामी समाज के कर्मचारियों के हितों में कार्य करना है। प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार धारिया ने बताया कि यह संगठन समाज के अंतिम छोर के व्यक्तियों को शिक्षा से जोड़ने और नशा उन्मूलन की दिशा में कार्य करेगा। प्रदेश सचिव इंद्र कुमार खुंटियारे ने कहा कि संगठन डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलते हुए सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सोनवानी ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले के समस्त सतनामी अधिकारी-कर्मचारी साथियों को एकजुट कर कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता देना तथा समाज में घर-घर जागरूकता फैलाना उनका प्रमुख लक्ष्य होगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र रॉय, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार धारिया, प्रदेश सचिव इंद्र कुमार खुंटियारे, जिला अध्यक्ष सक्ती अरूण कुमार सोनवानी,शिक्षक अमृत रात्रे, अरुण डेंसिल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### बार-बार बिजली गुल होने की समस्या से मिली राहत

**तुस्मा।** राहौद क्षेत्र के बेलारी भांठा गांव में लंबे समय से कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर के कारण ग्रामीणों को



बिजली संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। बार-बार बिजली गुल होने व लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण काफी समय से परेशानी से जूझ रहे थे। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया,लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा था। कुछ दिन पूर्व भीम रेजिमेंट के संभाग अध्यक्ष दीपक मनहर अपने साथियों के साथ बिजली ऑफिस पहुंचे। उन्होंने गांव में लगे कम भार वाले ट्रांसफार्मर को बदलकर अधिक क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। इस पर बिजली विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर आशीष लहरें ने त्वरित कार्रवाई की। विभागीय टीम ने मौके पर पहुंचकर पुराने कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मर को हटाया और उसकी जगह अधिक भार वहन क्षमता वाला नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

### फिल्ट्रेशन एग्जाम में राजवीर ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान


**अकलतरा।** किट इंटरनेशनल स्कूल भुवनेश्वर में 11वीं कक्षा के लिए आयोजित फिल्ट्रेशन परीक्षा में



राजवीर सिंह क्षत्रिय ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्पार्क बैच के लिए नामांकित होने का गौरव प्राप्त किया है। वे डाइट जांजगीर में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती मिली सिंह व अधिवक्ता अभिषेक सिंह क्षत्रिय के पुत्र है। पुरूषोत्तम सिंह क्षत्रिय व श्रीमती उत्तरा देवी के सुपौत्र राजवीर सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जांजगीर-चांपा जिले में प्राप्त की है। उन्होंने कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वे लक्ष्मण सिंह चंदेल व माधुरी सिंह चंदेल के नाती है।

### निधन

#### रामकुमार राठौर



**जांजगीर चांपा।** ग्राम खोखरा के प्रतिष्ठित नागरिक रामकुमार राठौर का 86 वर्ष की आयु में गुरुवार 23 अप्रैल को निधन हो गया। वे पुरूषोत्तम राठौर (पत्रकार) के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

---

दुकान पहुंचने के बाद वापस लौट रहे बैरंग

# उचित मूल्य दुकानों में चार दिनों से राशन वितरण बंद, उपभोक्ता हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शहर की लगभग 7 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में बीते 3 से 4 दिनों से चावल का वितरण पूरी तरह बंद है, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रोज़ाना पीडीएस दुकान पहुंचने के बावजूद हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि शासन द्वारा इस माह पीडीएस दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को तीन महीने का चावल एक मुश्त दिया जा रहा है, जिसके कारण दुकानों में हितग्राहियों की भारी भीड़ देखी जा रही है। वहीं समय कम होने के कारण लोग बड़ी संख्या में चावल लेने दुकान पहुंच रहे है, लेकिन विडंबना यह है कि शहर के बरछा पारा, मठ मंदिर क्षेत्र, हजारी गली, मंझली तालाब, महादेव घाट, सोनार पारा सहित कई इलाकों की राशन दुकानों में चावल उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। उन्हें बिना राशन लिए ही बैरंग लौटना पड़ रहा है। एक सोसायटी संचालक ने बताया कि अधिकारियों को समस्या की जानकारी दी गई है, लेकिन इसके





शासकीय उचित मूल्य दुकान में लगा ताला।

बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही, जो समझ से परे है। दुकान संचालकों का कहना है कि जो एजेंसी चांपा नगर की सभी दुकानों में राशन का परिवहन करती है, वह जिम्मेदारी से बच रही है। पीडीएस दुकान संचालक कभी खाद्य अधिकारी से बात करने को कहता है, तो खाद्य अधिकारी वितरणकर्ता को बोलने की बात कहते हैं। इस तरह जिम्मेदारी एक-दूसरे पर डालकर मामला टाला जा रहा है, जबकि इसका सीधा नुकसान आम जनता को उठाना पड़ रहा है। एक दुकान संचालक ने यह भी बताया कि वितरणकर्ता का तर्क है कि उसकी बड़ी गाड़ी नगर की संकरी गलियों में नहीं आ सकती और छोटी गाड़ी कहीं फंसी हुई है।

जबकि हकीकत यह है कि वैकल्पिक व्यवस्था कर छोटी गाड़ियों से भी राशन पहुंचाया जा सकता है। साफ तौर पर यह खाद्य विभाग और वितरण एजेंसी की उदासीनता को दर्शात है। एक ओर सरकार द्वारा पीडीएस व्यवस्था को मजबूत करने और गरीबों तक समय पर राशन पहुंचाने के लिए नई-नई योजनाएं लागू की जा रही है, वहीं स्थानीय स्तर पर व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो चलते हितग्राहियों की दिक्कतें बढ़ गई है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल चावल वितरण शुरू कराया जाए ताकि हितग्राहियों को समय पर उचित मूल्य दुकान से राशन मिल सके।

---



श्रमदान करते वार्डवासी।

## गहराया जल संकट, नहर का पानी खोलकर तालाब भरने की कवायद शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के वार्ड क्रमांक 20 में लगातार गिरते जलस्तर के कारण पेयजल एवं निस्तारी संकट गहरा गया है। क्षेत्र के तालाब सूखने लगे हैं, जिससे आसपास के कई बोर सूख गए हैं और वार्डवीडियो को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वार्ड पार्षद राज कुमार सिंह नहर से तालाब में पानी भरने के लिए वार्ड वासियों के साथ नहर विभाग कार्यालय पहुंचे एवं अधिकारियों के साथ-साथ दूरभाष के माध्यम से एसडीओ से संपर्क कर क्षेत्र में लगभग 1500 की आबादी वाले मोहल्ले में सूखे बोर और जल संकट की जानकारी दी गई। जानकारी मिलने पर विभाग के अधिकारी अरविंद जैन मौके पर पहुंचे। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीओ द्वारा तत्काल नहर का पानी तालाब भरने के लिए छोड़ने के निर्देश दिए गए।

■ वार्डवासियों को परेशानी का करना पड़ रहा था सामना

वार्ड वासी हरप्रसाद केवट, मेलाराम बंजारे, सोनू यादव एवं कपिल बंजारे सहित अन्य लोगों ने श्रमदान कर कार्य को पूर्ण कराया। वार्ड वासियों ने पार्षद एवं प्रशासन की त्वरित पहल की सराहना करते हुए जल्द राहत मिलने की उम्मीद जताई है।

---

## पंचायत के अधिकारों एवं विकेंद्रीकरण के प्रयासों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा पामगढ़ में शुक्रवार 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम राजीव गांधी पंचायतीराज

■ राजीव गांधी पंचायती राज संगठन छत्तीसगढ़ ने मनाया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

संगठन के राष्ट्रीय ट्रेनर दिनेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष नीरज खूंटे की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में पुष्कर दिनकर सरपंच संघ अध्यक्ष पामगढ़, श्रीमती पुष्प लता यादव जनपद सदस्य, सुरेश तिवारी पूर्व सरपंच उपस्थित थे। कार्यक्रम में पंचायत के अधिकारों एवं विकेंद्रीकरण के प्रयासों पर चर्चा की गई। निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज और सर्वोदय को मार्गदर्शी देश के पहले प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरू के नागौर राजस्थान से प्रथम पंचायतीराज व्यवस्था के शुभारंभ के बाद पूर्व प्रधान मंत्री पंचायतीराज के पैरोकार राजीव गांधी ने 64वां संविधान संशोधन बिल पेश किया जो लोकसभा में पारित राज्य सभा में 3 मतों से गिरा। 1992 में स्व नरसिंहराव तत्कालीन प्रधान मंत्री ने 73 एवं 74वां संशोधन पंचायतीराज अधिनियम पारित कराया, महिलाओं को 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित किए। भारत में स्थानीय स्वशासन के संवैधानिककरण और 73वें संविधान संशोधन की स्मृति में मनाया जाता है। यह महात्मा गांधी के आदर्श वाक्य ग्राम स्वराज या ग्राम स्वशासन की शक्ति का प्रमाण है। भारत के लोकतांत्रिक सफर में उस महत्वपूर्ण उपलब्धि के 33 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। पंचायती राज दिवस 2026 के मौके पर सामने आया है कि संविधान में हर 5 साल में पंचायत चुनाव कराने के प्रावधान के बावजूद देश के 8 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव समय पर नहीं हुए हैं। राजस्थान सहित कई राज्यों में यह देरी 4–5 साल तक पहुंच चुकी है। यह गंभीर सोचनीय विषय है अभी भी पंचायतों को सत्ता के विकेंद्रीकरण के लिए केंद्र और राज्य का मुंह ताकना पड़ रहा है। यह दिवस ग्राम पंचायतों के सशक्तिकरण, डिजिटल साक्षरता, महिलाओं की भागीदारी और आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण पर जोर देता है। इस अवसर पर अमित बौद्ध प्रतिनिधि सरपंच संघ उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पामगढ़, जय साहू जनपद सदस्य ससहा, सन्नी यादव जनपद सदस्य कोनार, अग्नि सिंह जनपद सदस्य प्रतिनिधि भैंसों, भागवत टंडन सरपंच ग्राम पंचायत मेंऊ, दुकालू भारद्वाज सरपंच ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद, अनिल दिवाकर सरपंच ग्राम पंचायत पचरी, होरीलाल चौहान सरपंच ग्राम पंचायत जेवरा, बाहोरीक दिव्य सरपंच ग्राम पंचायत झूलन, संजय खूंटे सरपंच ग्राम पंचायत पनगांव, मनोज यादव सरपंच ग्राम पंचायत मुड़पार (चू ), नंदकुमार पटेल ग्राम पंचायत पनगांव सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिनेश शर्मा के साथ उपस्थित जनप्रतिनिधि।

---

## बलौदा मार्ग में खड़े ट्रकों से चोरों ने पार किया टायर और बैटरी

**अकलतरा।** नगर के बलौदा मुख्य मार्ग पर खाटू श्याम मंदिर के पास पर खड़े दो ट्रकों को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए कीमती टायर और बैटरियां पार कर दीं। घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रहसबेड़ा निवासी ट्रक मालिक राज मोहन भारद्वाज ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उनके दो ट्रक क्रमांक सीजी 10 डीए 2248 एवं सीजी 10 बीएस 5851 खाटू श्याम मंदिर के पास खड़ा था। 24 अप्रैल की रात जब वे पेपर बनवाने गए तब गाड़ियां सुरक्षित थीं। लेकिन 25 अप्रैल की सुबह 4 बजे जब वे वापस लौटे, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। चोरों ने दोनों ट्रकों के दरवाजे खोलकर चार नग बैटरी और दो नग रियर टायर चोरी कर लिए थे। हैरानी की बात यह है कि चोरी किया गया सामान घटनास्थल से मात्र 200 मीटर की दूरी पर रास्ते में बरामद हुआ, जिससे यह स्पष्ट होता है कि चोरों को पुलिसिया कार्रवाई का कोई भय नहीं है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहर में पुलिस गश्त नाममात्र की रह गई है। आए दिन हो रही इन छोटी-बड़ी वारदातों से स्पष्ट है कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। जनता की मांग है कि नगर में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए और सीसीटीवी कैमरों के जरिए संदिग्धों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए। बता दें कि सीसीटीवी फुटेज पर यह दिख रहा है रात तकरीबन 3 बजे बजे चोर पिकअप में चोरी का सामान चढ़ा रहे थे कोई गाड़ी वहां से गुजरती देखी तो समान छोड़ कर फरार हो गए।



---

## सुशासन तिहार के दौरान अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध, बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जन शिकायतों के समय पर निराकरण के लिए शासन द्वारा 1 मई से 10जून तक सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। इसे देखते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारी व कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य शासन की प्राथमिकताओं में जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। आमजन को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना सुशासन का मूल आधार है। विदित हो कि गत वर्ष "सुशासन तिहार" का सफल आयोजन किया गया था, जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए। इसी क्रम में इस वर्ष भी शासन द्वारा "सुशासन तिहार 2026" का आयोजन 1 मई से 10 जून तक किए जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के संबंध में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले के समस्त अधिकारी व कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। बिना पूर्व सूचना के कोई भी अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेंगे। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर कलेक्टर द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किए जाएंगे, जिसका नस्ती विभाग प्रमुख द्वारा स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करेंगे। सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने मोबाइल नंबर पर उपलब्ध रहना सुनिश्चित करेंगे।

---

## नेहरू बाल उद्यान में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**शिवरीनारायण।** नगर के प्रमुख मनोरंजन स्थल नेहरू बाल उद्यान में प्रतिदिन नगर सहित आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग यहां घूमने और बच्चों को मनोरंजन के लिए लेकर पहुंचते हैं, लेकिन

■ टूटी झूले, बंद फव्वारे और अव्यवस्थित हरियाली से प्रभावित हो रही छवि

उद्यान में कई मूलभूत सुविधाओं की कमी और रखरखाव के अभाव से लोगों को निराशा हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि उद्यान में साफ-सफाई तो की जाती है, लेकिन जिस स्तर पर नियमित देखरेख और मेंटेनेंस होना चाहिए, वह नहीं हो पा रहा है। पेड़-पौधों की समय-समय पर कटाई-छंटाई नहीं होने से हरियाली अव्यवस्थित हो गई है। कई स्थानों पर अनावश्यक झाड़ियां और पौधे उग आए हैं, जिससे उद्यान की सुंदरता प्रभावित हो रही है। उद्यान में लगी लाइटें लंबे समय से बंद पड़ी हैं, जिससे शाम के समय पर्याप्त रोशनी नहीं रहती। वहीं आकर्षण का केंद्र रहे फव्वारे भी कार्य नहीं कर रहे हैं।

बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए गए कई झूले पुराने और जर्जर हो चुके हैं। कुछ झूले टूट चुके हैं तो कई जाम होने के कारण उपयोग योग्य नहीं हैं। नगरवासियों का कहना है कि नेहरू बाल उद्यान नगर की पहचान और परिवारों के लिए महत्वपूर्ण स्थल है। यहां गांव के साथ-साथ बाहर से आने वाले लोग भी पहुंचते हैं, जो इसकी बदहाल स्थिति को अनदेखा नहीं कर पाते। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि उद्यान की शीघ्र मरम्मत कराई जाए, झूलों को दुरुस्त किया जाए, लाइट एवं फव्वारे चालू किए जाएं तथा नियमित कटाई-छंटाई कर उद्यान को सुंदर और आकर्षक बनाया जाए, ताकि लोग बेहतर वातावरण में समय बिता सकें।



उद्यान में टूटे झूले।

---

# मानव सेवा ही सबसे बड़ी भक्ति : कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

पोंडी दल्हा स्थित अघोर पीठ जन सेवा अभेद आश्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय का आगमन हुआ। आश्रम पहुंचने पर उनका पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया।

■ मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी ने अघोर पीठ अभेद आश्रम में गुरुदेव का लिया आशीर्वाद, प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं उन्नति के लिए की प्रार्थना

आश्रम में श्रीमती साय ने पूज्य गुरुदेव कापालिक बाबा के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं उन्नति के लिए प्रार्थना की। गुरुदेव के सान्निध्य में उन्होंने आध्यात्मिक विषयों पर सारगर्भित चर्चा की, जिसमें मानव जीवन में सेवा, त्याग और संस्कारों के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। इस दौरान श्रीमती साय ने आश्रम स्थित मंदिर में विधिवत दीप प्रज्वलित कर मां भगवती के दर्शन-पूजन किए। तत्पश्चात उन्होंने आश्रम परिसर में अघोरेश्वर भगवान राम के निर्माणाधीन समाधि स्थल का भी जायज़ा लिया और वहां चल रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे आध्यात्मिक धरोहर के रूप में महत्वपूर्ण बताया। भ्रमण के दौरान श्रीमती साय ने आश्रम परिसर में संचालित विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई-लिखाई, अनुशासन एवं दिनचर्या का अवलोकन किया। विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों पर दिए जा रहे विशेष ध्यान की उन्होंने मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि संस्कारयुक्त शिक्षा भी अत्यंत आवश्यक है, और यह आश्रम इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। अपने उद्बोधन में श्रीमती साय ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी भक्ति है। जिस प्रकार यह आश्रम निस्वार्थ भाव से समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए कार्य कर रहा है, वह अनुकरणीय है। ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर सेवा सहकारी बैंक बिलासपुर की उपाध्यक्ष रजनी साहू भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने आश्रम द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और सेवा की भावना को सशक्त कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान आश्रम परिवार के सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



आश्रम में कापालिक बाबा से चर्चा करती मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय।

